#History Created

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-184- ● कटनी ● गुरुवार, 5 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

प्रफुल्लित भारत! प्रेरित भारत! गर्वित भारत

चक्क दित्ते फट्टे: बेटों की जीत पर पंजाब-हरियाणा में दिवाली सा जश्न, कहीं हॉकी लहराई कहीं घेवर बंटा

ओलंपिक हॉकी में भारत की ऐतिहासिक जीत, मिला कांस्य पदक

हर वार का तोड़, 24 में से 20 गोल शॉट बचाकर इतिहास रचा

टोक्यो। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी को करारी शिकस्त दी। इसी के साथ भारतीय हॉकी टीम ने 41 साल बाद ओलंपिक में पदक अपने नाम किया। जर्मनी की टीम अपने आक्रामक खेल के लिए जानी जाती है और भारत ने इसी बात का खास ख्याल रखा। उसने न सिर्फ जर्मनी के आक्रमण का बखूबी जवाब दिया, बल्कि मौका मिलने पर गोल करने से भी नहीं चूका। भारत की जीत का सबसे बड़ा कारण रही- जर्मनी के अटैक के खिलाफ उसकी प्लानिंग। भारत ने जर्मनी के आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब दिया। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जर्मनी ने मैच में कुल 24 गोल शॉट लगाए। इसमें भारतीय डिफेंडरों ने 20 बार उसे कामयाब नहीं होने दिया। भारतीय हॉकी टीम की इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एतिहासिक बताया है। पीएम मोदी ने लगातार दो ट्वीट किए हैं। एक ट्वीट में उन्होंने हिंदी में और दूसरा अंग्रेजी में किया है। पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा, एतिहासिक! एक ऐसा दिन जो हर भारतीय की जेहन में रहेगा। कांस्य पदक जीतने के लिए हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाई। इस उपलब्धि के साथ टीम पूरे देश, खासकर हमारे युवाओं उम्मीदों पर खरी उतरी है। भारत को अपनी हॉकी टीम पर गर्व है। एक अन्य ट्वीट में पीएम मोदी ने लिखा, प्रफुल्लित भारत! प्रेरित भारत! गर्वित भारत! टोक्यो में हॉकी टीम की शानदार जीत पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। *पेज 7 पर भी...*

मध्यप्रदेश के विवेक के घर मन रहा जश्न

टीम में मध्य प्रदेश से प्रतिनिधित्व कर रहे चांदोन गांव के खिलाड़ी विवेक सागर का पूरा गांव खुशी से झूम उठा। विवेक के भाई विद्या सागर ने नवदुनिया को बताया कि मैच के आखिरी 6 सेकंड पूरा परिवार दिल थामकर बैठा रहा। जैसे ही मैच खत?म हुआ, पिता रोहित सागर और मां कमला देवी की आंखों से आंसू आ गए। विद्या सागर ने सुबह जीत के बाद विवेक से बात की। विवेक ने कहा कि वह 3 दिन बाद इटारसी लौटेंगे।

ओलंपिक में भारतीय हॉकी

भारत ओलंपिक में सबसे सफल टीम है जिसने 8 स्वर्ण पदक जीते हैं। लेकिन पुरुष हॉकी टीम ने 1980 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से कोई पदक नहीं जीता है। स्वर्ण पदक जीतने का सपना कुछ दिन पहले ही समाप्त हो गया। हालांकि भारत के पास कांस्य पदक के साथ अभियान खत्म करने का मौका है। भारतीय हॉकी के इतिहास में यह एक बहुत बड़ा क्षण है क्योंकि आज की जीत क्रिकेट के प्रति जुनूनी देश में हॉकी को फिर से जिंदा करने के लिए जरूरी है।

विवेक और नीलाकांता को एमपी सरकार देगी एक एक करोड़

विवेक सागर और नीलाकांता को मध्य प्रदेश सरकार देगी एक-एक करोड़ की राशि। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट के माध्यम से इसकी घोषणा की। दोनों ही खिलाड़?यों का मध्य प्रदेश से संबंध हैं। विवेक सागर इटारसी के रहने वाले हैं तो नीलाकांत ने मध्य प्रदेश में ट्रेनिंग ली है। जीत के बाद गांव में दीवाली सा माहौल बन गया। गांव के युवा, बच्चे, महिलाएं हाथ मे तिरंगा लेकर ढोल के साथ झूम उठे।

आज दाहिया दिला सकते हैं गोल्ड

टोक्यो ओलंपिक्स में आज 13वां दिन है। भारत के लिए दिन की शुरुआत बहुत शानदार रही है। पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। अब पहलवानों से उम्मीद है। आज शाम को रवि कुमार दहिया रिंग में उतरेंगे।जीते तो देश को पहला गोल्ड मेडल दिलावा देंगे। मुकाबला जावुर युगुऐव से होगा।

भारत की जीत के हीरो, टूटती उम्मीदों के बीच बने सितारे



भारत की पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत ने जर्मनी को 5-4 से हराकर ओलंपिक में देश के पदक के सूखे को खत्म किया। इस हाईप्रोफाइल मैच में जर्मनी शुरू से ही फेवरेट थी। उन्होंने शुरुआत में ही गोल कर अपने इरादे भी साफ कर दिए। इसके बावजूद टीम इंडिया दबाव में नहीं आई और जर्मनी के हर वार का करारा जवाब दिया। भारत की ओर से सिमरनजीत सिंह ने 17वें और 34वें मिनट में गोल किए। इसके अलावा रुपिंदर पाल सिंह ने 31वें, हरमनप्रीत सिंह ने 13वें और हार्दिक सिंह ने 27वें मिनट में गोल दागा। भारत की इस जीत में पूरी टीम का योगदान है, फिर भी हम बात करेंगे उन चार खिलाड़ियों के बारे में जिनकी बदौलत टीम ने इतिहास रच दिया...

फटाफट खबरें

पीके ने मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सलाहकार पद से दिया इस्तीफा

बेंगलूरू। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस्तीफा देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका से अस्थायी अवकाश लेने के अपने निर्णय के मद्देनजर वे सीएम के प्रधान सलाहकार के रूप में जिम्मेदारियों को संभालने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कैप्टन से अनुरोध किया कि उन्हें इस जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए।

बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने सीएम शिवराज ने बुलाई बैठक

भोपाल। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने निवास में बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए आपत बैठक बुलाई। जिसमें गृहमंत्री, सीएस, डीजीपी सहित अन्य आला अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जिला प्रशासन, जिलों के प्रभारी मंत्री वर्चुअल जुड़े। प्रभारी मंत्री और स्थानीय मंत्री राहत कार्यों की जानकारी दी। गृहमंत्री ने कहा, बांध टूटने जैसी अफवाह न फैले, अफवाह रोकने और लोगों को सतर्क करने का सिस्टम और दुरुस्त किया जाए। मंत्री यशोधरा राजे ने बिजली आपूर्ति बहाल करने पर जोर दिया। ज्यादातर स्थानों पर पानी कम हो गया है, बारिश रुकी हुई है, राहत कार्यों में तेजी आई है।

`सागर, भोपाल, जबलपुर संभाग में भारी वर्षा के आसार

भोपाल। उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश पर पिछले चार दिनों से सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र वर्तमान में उत्तरी मप्र के मध्य में सक्रिय है। मानसून ट्रफ भी कम दबाव के क्षेत्र से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। पहले कम दबाव के क्षेत्र के राजस्थान की तरफ बढ़ने की संभावना थी, लेकिन यह सिस्टम अब पूर्वी दिशा में मप्र में ही आगे बढ़ने लगा है। इस वजह से पूरे मध्यप्रदेश में अच्छी बरसात होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार को सागर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। गुना, अशोकनगर, शिवपुरी जिले में भी तेज बौछारें पड़ने की संभावना है।

चिंता में देश आज फिर बढ़े कोरोना के नए मामले

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों की संख्या में लगातार दूसरे दिन बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 42,982 नए मामले सामने आए हैं और 41,726 संक्रमितों ने इस बीमारी को मात दी है। वहीं, 533 लोगों की जान चली गई। देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 4,11,076 हो गई है, जिनका इलाज चल रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को कोविड-19 के लिए 16,64,030 नमूनों की जांच की गई। इसके साथ ही अब तक इस संक्रमण का पता लगाने के लिए जांच किए गए नमूनों की संख्या 47,48,93,363 हो गई है। दैनिक संक्रमण दर 2.58 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 2.37 प्रतिशत दर्ज की गई। इस बीमारी से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 3,09,74,748 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 48.93 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

पेगासस मामला गंभीर-सुप्रीम कोर्ट

याचिकाकर्ताओं से कहा- अपनी याचिका की प्रति केंद्र को सौंपे

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित पेगासस जासूसी मामले की स्वतंत्र जांच के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करते हुए कहा कि अगर इसके बारे में रिपोर्ट सही हैं तो जासूसी के आरोप गंभीर हैं। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने शुरू में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से कुछ सवाल पूछे।सीजेआई ने कहा, 'इस सब में जाने से पहले, हमारे कुछ प्रश्न हैं। इसमें कोई शक नहीं, अगर रिपोर्ट सही है तो आरोप गंभीर हैं।' उन्होंने यह कहते हुए देरी का मुद्दा उठाया कि मामला 2019 में सामने आया था। सीजेआई ने कहा कि जासूसी की रिपोर्ट 2019 में सामने आई थी। मुझे नहीं पता कि क्या अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कोई प्रयास किए गए थे। उन्होंने कहा कि वह यह नहीं कहना चाहते थे कि यह एक बाधा थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह प्रत्येक मामले के तथ्यों में नहीं जा रही है और अगर कुछ लोगों का दावा है कि उनके फोन को इंटरसेप्ट किया गया था तो टेलीग्राफ अधिनियम है जिसके तहत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। सिब्बल ने कहा, 'मैं समझा सकता हूं। हमारे पास कई सामग्री तक पहुंच नहीं है। याचिकाओं में फोन में सीधी घुसपैठ के 10 मामलों की जानकारी है।'सुनवाई के दौरान एन.राम और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह स्पाइवेयर केवल सरकारी एजेंसियों को बेचा जाता है और निजी संस्थाओं को नहीं बेचा जा सकता है। एनएसओ प्रौद्योगिकी अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में शामिल है। सिब्बल ने कहा कि पेगासस एक खतरनाक तकनीक है जो हमारी जानकारी के बिना हमारे जीवन में प्रवेश करती है।

श्रीनगर में जामिया मस्जिद के पास धमाका, हाई अलर्ट जारी

श्रीनगर, (ऐजेंसी)। श्रीनगर में जामिया मस्जिद के पास गुरुवार को एक धमाका हुआ है। इसमें किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। इस कायराना हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है। सूत्रों का कहना है कि यह कम तीव्रता वाला आईईडी ब्लास्ट था। जिसके बाद आतंकियों द्वारा ग्रेनेड फेंके जाने और फायरिंग करने की भी सूचना है। हालांकि इस हमले को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना के कुछ घंटे पहले कश्मीर घाटी में आतंकियों ने सोपोर की मुख्य चौक पर कई राउंड फायरिंग की। इसके बाद आतंकी फरार हो गए। आज जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के आज दो साल पूरे हो गए हैं। सरकार ने जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था

त्योहारी सीजन में फिर से लॉकडाउन?

नई दिल्ली। कोरोना का संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है, मामले में सिर्फ थोड़ी सी कमी आई है, अगर लापरवाही बरती जाए तो यह फिर से एक भयानक रूप ले सकती है। केन्द्र सरकार ने बुधवार को देश के कुछ राज्यों में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से आगामी त्योहारों को देखते हुए फिर से प्रतिबंध लगाने पर विचार करने को कहा है। एक पत्र द्वारा लिखे बयान में केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों से स्थानीय प्रतिबंधों को लागू करने और सामूहिक समारोहों को रोकने के लिए सक्रिय रूप से विचार करने का आग्रह किया है। देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रशासकों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से लिखे गए एक पत्र में कहा गया है, ''इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने त्योहारों के दौरान बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम, भव्य आयोजन में परिवर्तिन न हो जाए इस पर चिंता व्यक्त की है।''

बाढ़ के बावजूद गांव छोड़ने को तैयार नहीं ग्रामीण

श्योपुर। आज सुबह आवदा डेम टूटने की अफवाह फैलने से हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रशासन लोगों को समझाने में जुटा हुआ है, लेकिन पहले से बारिश एवं बाढ़ का कहर झेल चुके लोग अब कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। उधर मुख्यमंत्री ग्वालियर के लिए रवाना हो चुके हैं। वह श्यापुर में बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा करने जाएंगे। हालांकि शिवपुरी-श्योपुर में बाढ़ से आंशिक राहत है, लेकिन अगले 24 घंटे में फिर इन इलाकों में भारी बारिश की आशंका जताई जा रही है।चंबल में कोटा बैराज से छोड़ा गया पानी अगले एक दो दिन में कहर बरपा सकता है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन लगभग एक सैकड़ा गांवों से लोगों को बाढ़ से निकाल चुका है, लेकिन अभी भी दर्जनों गांव बाढ़ में फंसे हुए हैं। कई गांव के निवासी गांव छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

नक्सलियों ने ब्लास्ट कर उड़ाई एमपी के लोगों की बोलेरो, एक की मौत 5 गंभीर

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने बारसूर- पल्ली मार्ग पर अमानवीय कृत्य को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने आम नागरिकों से भरी एक बोलेरो को ब्लास्ट से उड़ा दिया। बोलेरो में 12 लोग सवार थे। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हैं। घायलों में एक कि हालत गंभीर बताई गई है। इस घटना की सूचना मिलते ही दंतेवाड़ा एसपी डाक्टर अभिषेक पल्लव खुद मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू आपरेशन शुरू कराया। धनसिंह की मौत हुई है। 11 घायल हैं, जिनमें एक रूपलाल की स्थिति गंभीर है। बोलेरो सवार बालाघाट मध्य प्रदेश के हैं।

भक्तों के लिए दिसंबर 2023 से खुल जाएगा राम मंदिर

अयोध्या। आज पूरा देश आयोध्या में बन रहे राम मंदिर से भलीभांति परिचित है। श्रध्दालुओं के लिए ये भव्य मंदिर दिसम्बर 2023 को खोल दिया जाएगा। इस दौरान भारत समेत देश ही नहीं बल्कि दुनिया से भी श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने आ सकेंगे। लेकिन अगर इसके पूर्ण निर्माण की बात करें तो यह 2025 तक ही कंम्पलीट हो पाएगा। इसे लेकर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों का कहना है कि रामलला 2023 तक गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगे। रामलला के विराजते ही मंदिर श्रध्दालुओं के लिए खुल जाएगा। आयोध्या में बन रहे इस भव्य मंदिर पर काम एक साल पहले 5 अगस्त को शुरू हुआ था। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र अनुष्ठानों के साथ मंदिर निर्माण का शुभारंभ किया था। मंदिर निर्माण को लेकर किसी भी स्टील या ईंट का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिसमें तीन मंजिल और पांच मंडप होंगे। सूत्रों ने बताया कि ''पिछले तीन दशकों में बदलाव और भक्तों की आकांक्षाओं को देखते हुए मंदिर के डिजाइन कों अंतिम रूप दिया गया''। चलिए एक नजर बन रहे मंदिर की जानकारी पर डालते हैं।आयोध्या राम मंदिर की लंबाई 360 फीट, चौड़ाई 235 फीट और हर मंजिल की ऊंचाई 20 फीट होगी।मंदिर के भूतल पर 160 स्तम्भ, पहली मंजिल पर 132 स्तम्भ और दूसरी मंजिल के तल पर 74 स्तम्भ स्थापित किए जाएंगे। मंदिर के गर्भगृह या शिखर की ऊंचाई भूतल से 161 फीट होगी।इस मंदिर का निर्माण राजस्थान के पत्थर और संगमरमर से किया जा रहा है। मंदिर के निर्माण में लगभग 4 लाख क्यूबिक फीट पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह योजना ''कुबेर टीला'' और ''सीता कूप'' जैसी विरासत संरचनाओं के संरक्षण और विकास पर केंद्रित है।मंदिर परिसर में एक तीर्थ सुविधा केंद्र, संग्रहालय, अभिलेखागार, अनुसंधान केंद्र, सभागार, एक मवेशी शेड, अनुष्ठान के लिए एक जगह, एक प्रशासनिक भवन और पुजारियों के लिए कमरे शामिल रहेंगे।

ईडी ने भेजा फ्लिपकार्ट को नोटिस लग सकता जुर्माना

नई दिल्ली। देश की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और इसके संस्थापकों पर प्रवर्तन निदेशालय (श्चष्ठ) 1.35 अरब डॉलर यानी करीब 10,600 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा सकता है। वॉलमार्ट के मालिकाना हक वाली कंपनी को विदेशी निवेश कानूनों के उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बिन्नी बंसल और सचिन बंसल पर विदेशी निवेश कानूनों के उल्लंघन का आरोप है। जांच जारी है।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

कटनी, जबलपुर, भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

आखिर रेल अंडर पास का ही लेना पड़ा सहारा

पहले ये कर लेते तो लमतरा फाटक पर नहीं रहती ओवर ब्रिज की दरकार, पुल की ध्वस्त होती दीवार पर लिखी है भ्रष्टाचार की कहानी

कटनी। कभी रेल्वे के जिस अंडर पास से वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित था। किसी भी तरह के वाहनों के आने-जाने पर तरह तरह के अवरोध खड़े कर दिए जाते थे रेलवे का वही अंडर पास अब कटनी से कैमोर-विजयराघवगढ़ और बड़वारा-उमरिया-शहडोल की ओर आने-जाने का प्रमुख मार्ग हो गया है। लमतरा रेल फाटक पर बने ओवर ब्रिज के दुबारा क्षतिग्रस्त हो जाने और इस पर से वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लग जाने के बाद अब सभी तरह के वाहन रेलवे के इस अंडर पास से ही अपनी यात्रा कर रहे हैं। प्रशासन ने ओवर ब्रिज पर पुन: आवागमन बहाल होने तक इस अंडर पास को ही वैकल्पिक मार्ग घोषित किया है। इसे वैकल्पिक मार्ग घोषित किये जाने के बाद इस पर आनन फानन काफी सुधार कर इसे चलने लायक बनाया गया है। यात्री बसों से लेकर भारी वाहन भी बिना किसी बाधा के इस मार्ग का उपयोग आने-जाने में कर रहे। लोगों का कहना है कि रेलवे के इस अंडर पास को पहले ही आवागमन लायक बना कर यहां यातायात बहाल कर दिया जाता तो लमतरा रेल फाटक पर ओवर ब्रिज की जरूरत ही नहीं रहती। रेल फाटक बंद होने की स्थिति में वाहन इस मार्ग से आसानी से निकल जाते।



गौरतलब है कि कटनी- झुकेही रेल मार्ग पर लमतरा रेल फाटक दो प्रमुख मार्गों के संगम स्थल पर स्थित था। जबलपुर या मैहर की तरफ से आकर उमरिया, शहडोल की तरफआने-जाने वाले वाहन और कैमोर, विजयराघवगढ़, बरही की ओर से कटनी आने- जाने वाले वाहन इसी रेल फाटक से होकर गुजरते थे। कटनी-झुकेही रेल मार्ग पश्चिम और दक्षिण भारत को उत्तर भारत से जोड़ने वाले प्रमुख रेल मार्ग का हिस्सा है। प्रतिदिन अप और डॉउन दोनों दिशाओं के लिए एक सैकड़ा से भी अधिक यात्री ट्रेन और मालगाड़ियां इसी मार्ग से यात्रा करती हैं। ट्रेनों के आने-जाने के समय रेल फाटक बंद रहता था जिसके कारण सड़क मार्ग से आने वाले वाहनों को यहां रेल फाटक खुलने का इंतज़ार करना पड़ता था।

अकसर यह इंतज़ार 10 से 15 मिनट तो कभी- कभी इससे भी ज्यादा हो जाता था। रेल फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी- लंबी कतारें लग जाती थी। फाटक से थोड़ा आगे रेलवे का यह अंडर पास तब भी था पर तब रेलवे ने इसके सामने लोहे के पिलर खड़े कर रखे थे। कई बार अंडर पास के दोनों तरफबड़ी नाली खोद दी जाती थी।

उस समय भी यह मांग उठती रही कि इस अंडर पास को आवागमन के लिए खोल दिया जाए पर तब रेलवे के साथ साथ प्रशासन के स्थानीय अधिकारियों ने भी इस मांग की अनसुनी की। रेल फाटक ही इकलौता मार्ग होने के कारण इस पर यातायात का दबाव बढ़ता गया। बाद में राज्य शासन ने यहां ओवर ब्रिज निर्माण को स्वीकृति प्रदान की।

वैकल्पिक मार्ग का हो डामलीकरण

लमतरा ओवरब्रिज के दोबारा क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद जब इसे खतरनाक घोषित कर इस पर से आवागमन पर रोक लगाई गई तब वैकल्पिक मार्ग को लेकर प्रशासन के सामने समस्या खड़ी हो गई थी क्योंकि तब इस अंडर पास के दोनों ओर बड़ी नाली खोदकर आवागमन पर अवरोध खड़ा किया गया था। रेल फाटक से आने जाने पर पूरी तरह रोक लग चुकी थी। कैलवारा से पटवारा, कन्हवारा होकर या जुहला बायपास से खिरहनी ओवर ब्रिज होकर कटनी का रास्ता था पर यात्री बसों और भारी वाहनों के लिहाज से ये दोनों मार्ग उपयुक्त नहीं थे, पटवारा वाले मार्ग पर तो पहले ही दिन एक हाइवा वाहन फंस जाने के कारण जाम लग गया था। इधर जुहला, खिरहनी ओवर ब्रिज वाला मार्ग भी घण्टाघर के बाद बेहद कंजेस्टेड हो जाता था। मजबूरी में प्रशासन को रेलवे के अंडर पास से होकर लमतरा औद्योगिक क्षेत्र होते हुए बायपास तक के इसी मार्ग का चयन वैकल्पिक मार्ग के रूप में करना पड़ा। अंडर पास के दोनों तरफखोदी गई नाली में सीमेंट के ढोले लगाकर प्लास्टर किया फिर पूरे मार्ग में चुरी गिट्टी डालकर उसे कीचड़ से मुक्त किया गया। अंडर पास के दोनों ओर दो गार्ड भी तैनात किए गए हैं जो ट्रैफिक व्यवस्था देखते हैं। हालांकि अभी भी इस मार्ग पर और सुधार की दरकार है। यह भी तय है कि लमतरा ओवर ब्रिज पर आवागमन शुरू होने में अभी कई महीने या कई साल भी लग सकते हैं ऐसे में अगर वैकल्पिक मार्ग ही एकमात्र विकल्प है तो अंडर पास से लेकर मुख्य मार्ग तक के हिस्से में डामलीकरण किया जाना ही उपयुक्त होगा।

अभी तय नही हुआ ओवर ब्रिज का भविष्य

भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके लमतरा ओवर ब्रिज का भविष्य क्या होगा यह अभी तय नहीं हो पाया। अभी भी अभियंताओं और अधिकारियों की टीम यहां का निरीक्षण ही कर रहीं। कल मंगलवार को भोपाल, जबलपुर और शहडोल के अधिकारियों की टीम विशेषज्ञ इंजीनियर्स के साथ यहां पहुंची थी। टीम ने देखा है कि ओवर ब्रिज की लगभग आधा किलोमीटर लंबी दीवार में दोनों तरफ दरारें पड़ चुकी हैं, अगर तेज बारिश हुई तो पूरी दीवार ध्वस्त हो जाने का भी खतरा है। निरीक्षण के बाद टीम के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि क्षतिग्रस्त ब्रिज की दीवारों की मरम्मत होगी या पूरा निर्माण ध्वस्त कर नए सिरे से बनाया जाएगा। ओवर ब्रिज का निर्माण मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम की देखरेख में हुआ था पर अब चाका से लेकर उमरिया तक का पूरा मार्ग राष्ट्रीय लोक निर्माण विभाग के अधीन है। नया निर्माण कौन कराएगा यह भी अभी तय नहीं। यहां तक कि ब्रिज निर्माण में हुई अनियमितता को लेकर अब तक किसी इंजीनियर, अधिकारी या ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही तक किये जाने की खबर नहीं है।

अन्न उत्सव कार्यक्रम की समस्त तैयारियां समय पर करें पूर्ण-निगमायुक्त

कटनी। शासन निर्देशानुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अन्तर्गत 07 अगस्त को अन्न उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जवेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करेगें। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन न्यू बस स्टेण्ड स्थित ऑडिटोरियम परिसर में किया जावेगा तथा नगरीय क्षेत्र की सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया जाना है। आयोजित होने वाले कार्यक्रम की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगमायुक्त द्वारा व्यवस्थाओं में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक आहूत की जाकर पूर्व से ही समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करनें के निर्देश प्रदान किये गए। आयोजित बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा शासन परिपत्र अनुसार नगर की समस्त शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में कार्यक्रम के आयोजन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी से आवश्यक पत्राचार कर हितग्राहियों को कार्यक्रम की सूचना पूर्व से ही प्रदान करनें, नगरीय क्षेत्र की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के आसपास पर्याप्त साफसफाई एवं चूने की लाईनिंग, मुख्य कार्यक्रम स्थल के आसपास साफ सफाई चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिडकाव, आवश्यकतानुसार बैनर पोस्टर व अन्य माध्यमों से कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार, लाईव प्रसारण की संपूर्ण व्यवस्था, मंच एवं बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं कोरोना प्रोटोकाल को दृष्टिगत रखते हुए सेनेटाइजर एवं थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण करानें के निर्देश दिए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम

जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में वृक्षारोपण

कटनी। मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी एवं उप प्राचार्य एच.के. मीना के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिसमें सीईओ जनपद बड़वारा ज्ञानेन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी बड़वारा अंकित मिश्रा, डिप्टी रेंजर बड़वारा टिमरेश ईवाने एवं नेहरु युवा केन्द्र के कार्यकर्ता सम्मिलित हुये। इसके साथ ही कार्यक्रम के आयोजन पी.के. पासी, डॉ. पी.के. सिंह, एनएसएस और विद्यालय का स्टाफभी उपस्थित रहा।

टीकाकरण केन्द्रों में कराई सफाई

कटनी। नगरनिगम सीमान्तर्गत आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्र हेतु नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं प्र. कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया गया। प्र.कार्यपालन यंत्री एवं प्रभारी राकेश शर्मा की मॉनीटरिंग में चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों जिला चिकित्सालय कटनी, जिला सत्र न्यायालय कटन, सब्जी मंडी पुरैनी, जिला जेल झिंझरी में नियुक्त निगम के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, तथा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक टेंट शामियाना आदि आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया गया। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए टीकाकरण केन्द्रों में उपस्थित रहकर केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं के संपादन करते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण करानें के प्रयास किये गए।

सुभाष चौक में शिविर, 6 लाख से ज्यादा टैक्स जमा

कटनी। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में नगर के अधिक से अधिक नागरिकों को शासन द्वारा प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्रदाय करनें व वित्तीय वर्ष 2021 -22 में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के उद्धेश्य से निगम के बकाया करों को जमा करनें हेतु निगम एवं जोन कार्यालय के अलावा रोजाना शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को निगम के बकाया करों की राशि जमा करनें की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज नगर निगम स्थित कम्प्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयों के अलावा प्रातः 10 बजे से सुभाष चौक में शिविर का आयोजन किया गया। नागरिकों की सुविधा हेतु शिविर स्थल पर आगंतुकों हेतु बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जाकर निगम के राजस्व विभाग के मुकेश राजपूत, विनोद सिंह चौहान, अमित श्रीवास्तव, बाबूलाल रजक एवं अन्य उपस्थित कर्मचारियों द्वारा करदाताओं को बकाया करों की राशि एवं शासन द्वारा प्रदत्त छूट की राशि की जानकारी प्रदान की जाकर निगम के बकाया करों की राशि को जमा कराया गया। शाम पांच बजे तक बकाया संपत्ति कर के रूप में कुल 4.58 लाख रूपये तथा जलकर के रूप में 1.78 लाख रूपये, कुल 6.36 लाख रूपये निगम कोष में जमा किये गए।

भारी वाहनों से रोज लगता है जाम

बायपास से ही होगा समस्या का समाधान

विजयराघवगढ़। विजयराघवगढ़ नगर के भीतर घनी आबादी के बीच से होकर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भारी वाहन गुज़रते हैं। इन भारी वाहनों की वजह से कभी आज़ाद चौक तो कभी संकट मोचन चौराहे पर आये दिन जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों को वाहन निकालना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। इस समस्या का एकमात्र हल विजयराघवगढ़ में बायपास का निर्माण है। क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के सामने कई बार यहां बायपास की मांग रख चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान इस मांग को सैद्धान्ति स्वीकृति देकर विजयराघवगढ़ की सभाओं में इसकी घोषणा भी कर चुके हैं। आने वाले समय में यहां बायपास बनना तय है पर जब तक बायपास की सुविधा नहीं मिलती तब तक लोगों को इस समस्या से छुटकारा दिलाने प्रशासन और पुलिस को कोई वैकल्पिक रास्ता खोजना होगा।

बस स्टैंड के समीप बीच सड़क में बिगड़ा कोयला लोड ट्रक।

आजाद चौक में भारी वाहनों के कारण लगे जाम का नजारा।

उल्लेखनीय है कि एसीसी के कैमोर स्थित सीमेंट प्लांट के लिए फ्लाई ऐश की आपूर्ति बिरसिंहपुर पाली या अनूपपुर स्थित थर्मल पावर प्लांट से होती है। पावर प्लांट से फ्लाई ऐश लेकर आने वाले भारी बल्कर वाहन विजयराघवगढ़ होकर ही कैमोर आते . जाते हैं। विजयराघवगढ़ में आज़ाद चौक से अंधा मोड़ होते हुए संकट मोचन चौराहे तक का मार्ग अत्यंत सकरा है। सड़क से सटकर लोगों के मकान और प्रतिष्ठान स्थित हैं। आमने-सामने से दो भारी वाहन आ जाएं तो निकलना काफी कठिन हो जाता है। अंधे मोड़ पर या बीच रास्ते मे ही कभी किसी तकनीकी खराबी के कारण कोई वाहन बिगड़ जाता है तब भी इस मार्ग पर दूसरे वाहन नहीं निकल पाते। बताया गया कि फ्लाई ऐश के अलावा अब छत्तीसगढ़ से कोयले का परिवहन भी इन दिनों सड़क मार्ग से हो रहा। प्रतिदिन कई 20 . 22 चके वाले भारी वाहन कोयला लेकर कैमोर एसीसी प्लांट जाते हैं। ये भारी वाहन भी विजयराघवगढ़ के आज़ाद चौक से होकर कैमोर जाते है। कोयले से लोड इन भारी वाहनों के कारण आज़ाद चौक में कई बार घण्टों जाम की स्थिति बनी रहती है। उद्योगों के लिए फ्लाई ऐश और कोयला लेकर आने वाले भारी वाहनों के अलावा एक सैकड़ा से भी अधिक यात्री बसें और गिट्टी, पत्थर, रेत आदि का परिवहन करने वाले वाहन साथ ही कटनी, बरही, मैहर की ओर आने जाने वाली एक सैकड़ा से अधिक यात्री बसें भी यहां से गुजरती हैं। इन सभी वाहनों के कारण हर समय विजयराघवगढ़ में यातायात का दबाव बना रहता है। बताया गया कि स्थानीय विधायक संजय पाठक की ओर से विजयराघवगढ़ के अलावा कैमोर और बरही के लिए भी बायपास निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। मुख्यमंत्री चुनाव अथवा अन्य आयोजनों में शामिल होने जितनी बार विजयराघवगढ़ छेत्र में आये है उतनी बार विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने बाईपास की मांग उनके सामने रखी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान भी सार्वजनिक मंच से यहां बायपास की घोषणा कर चुके हैं पर इस कार्य के आदेश अभी जारी नहीं होने से काम शुरू नहीं हो सका।कब तक शुरू होगा अभी कहा नही जा सकता।

भारी वाहनों के लिए झुकेही वाले मार्ग का हो उपयोग

उमरिया-शहडोल की ओर से फ्लाईऐश लेकर आने वाले बल्कर वाहन बरही से विजयराघवगढ़ की ओर रूख कर लेते हैं जबकि बरही से जुहला बायपास होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से झुकेही होते हुए भी ये वाहन कैमोर पहुंच सकते हैं पर दूरी बढ़ जाने और झुकेही से लेकर कैमोर तक कई रेल फाटक होने के कारण ये भारी वाहन विजयराघवगढ़ होकर ही कैमोर आना पंसद करते हैं। यही हाल छत्तीसगढ़ से कोयला लेकर आने वाले वाहनों का है। ये वाहन भी रायपुर-बिलासपुर से अमरकंटक, शहडोल उमरिया होते हुए कटनी आकर विजयराघवगढ़ की ओर मुड़ जाते हैं इन वाहनों को भी जुहला-चाका बायपास से झुकेही वाले मार्ग होकर कैमोर लाया जा सकता है। इसके लिए प्रशासन को थोड़ा सख्ती दिखानी होगी। आजाद चौक में कई बार वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण भी वाहन नहीं निकल पाते। यहां अघोषित रूप से बसों का भी स्टॉपेज है। इन्हीं सब कारणों से यहां जाम की स्थिति बनती है। यहां जाम न लगे, अवैध पार्किंग न हो इसके लिए एक पुलिस प्वाइंट बनाकर एक सिपाही को तैनात किया जा सकता है। जब तक बायपास न बने तब तक प्रशासन इस तरह के वैकल्पिक इंतजाम करके लोगों को रोज लगने वाले जाम से छुटकारा दिला सकता है।

कक्षा नर्सरी से 12वीं तक स्कूल खोलने हेतु सत्याग्रह

बच्चों का भविष्य खतरे में

कटनी। कोरोना काल के चलते पूरी दुनिया के 15.6 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह आकलन यूनिसेफ की हालिया रिपोर्ट में प्रकाशित हुआ है, जिसमें 13.7 करोड़ बच्चे दक्षिण एशिया के हैं, जिसमें सर्वाधिक प्रभावित भारत के बच्चे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के लगभग 70 लाख बच्चे, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में रहते हैं, इनमे से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले बच्चों की संख्या अधिक है। यह ऐसे बच्चे हैं, जिनके पास ऑनलाइन पढ़ाई के लिए संसाधन नहीं है। इन तथ्यों को लेकर शिक्षा बचाओ बचपन बचाओ मंच विगत 4 माह से शासन से गरीब संसाधन विहीन एवं वंचित परिवारों के बच्चों के लिए स्कूल खोलने की मांग को लेकर विभिन्न स्तरों पर आवाज उठा रहा है। मंच का मानना है कि यदि यह छात्र शीघ्र ही स्कूल नहीं लौटे तो उनकी शैक्षणिक हत्या होना सुनिश्चित है। जैसा कि यूनिसेफ ने बताया है कि इनमें से 2.5 करोड़ बच्चे अब कभी स्कूल नहीं जा पाएंगे। मंच का कहना है कि जब जीवन के सभी क्रियाकलाप एक निश्चित नियमों के अंतर्गत संचालित होने लगे हैं तो स्कूल बंदी क्यों। क्या गाइडलाइंस का पालन करते हुए शालाओं का संचालन नहीं हो सकता। एक ओर जहां भारत के 5 राज्यों ने अपने यहां सभी कक्षाओं को खोल लिया है, तो वहीं मध्यप्रदेश में छोटे बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने का क्या औचित्य है। इस मांग को लेकर शिक्षा बचाओ मंच के जुगल किशोर मिश्रा, स्थानीय गांधी चिंतन केंद्र में स्थित बीआरसी कार्यालय के बाहर आज से सांकेतिक मौन सत्याग्रह पर हैं, उनकी मांग यदि 5 अगस्त तक नहीं मानी गई तो वे आमरण अनशन करेंगे।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

माधवनगर निवासी व्यक्ति के कोरोना संक्रमित होने की स्वास्थ्य विभाग ने नहीं की पुष्टि

जिले में एक भी केस नहीं होने का दावा

कटनी। उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर निवासी एक 58 वर्षीय व्यक्ति के नागपुर में कोरोना पॉजीटिव होने की खबर सामने आई है। कोरोना संक्रमित होने के बाद व्यक्ति वापस कटनी लौट आया है। खास बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस खबर की पुष्टि नहीं कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आज जिले में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। माधवनगर निवासी उक्त व्यक्ति के नागपुर में कोरोना संक्रमित होने और वापस कटनी आने की जानकारी भी स्वास्थ्य विभाग को नहीं है। इस संबंध में जब जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई से बात की गई तो उनका कहना था कि कटनी जिले में एक भी पाजीटिव केस नहीं मिला है, हालांकि थर्ड बेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार सतर्कता बरत रहा है। सूत्रों के मुताबिक माधवनगर निवासी 58 वर्षीय व्यक्ति स्वास्थ्य जांच के लिए नागपुर गए थे, वहां आरटीपीसीआर जांच में उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। नागपुर में बिना इलाज के उन्हें वापस भेज दिया गया।

मारपीट में घायल वृद्धा की मौत

कटनी। बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम लखाखेरा में मारपीट में घायल 65 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। इस संबंध में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम लखाखेरा निवासी 65 वर्षीय पतिया बाई पति आधारी महोबिया का बीती 29 जुलाई को मकान के सामने रहने वाले चंद्रभान राय की पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान धक्का लगने से पतिया बाई गिर गई और सिर में चोट आने से वो घायल हो गई। परिजन पतिया बाई का उपचार कराकर घर ले आए और वह घर पर ही स्वास्थ लाभ ले रही थी लेकिन इसी बीच बुधवार की शाम उसकी हालत बिगड़ी और अस्पताल ले जाने से पूर्व उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि पुलिस ने पतिया बाई से मारपीट करने के आरोप में रघुवीर राय, चंद्रभान राय व चंद्रभान राय की पत्नी के विरूद्ध मारपीट सहित हरिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। वहीं अब पतिया बाई की मौत के बाद यह मामला हत्या में तब्दील हो सकता है।

आक्रोशित सैकड़ों श्रमिकों का अमहटा प्रोजेक्ट गेट पर जोरदार प्रदर्शन, शनिवार तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन

मजदूरों के साथ भेदभाव कर रही एल एंड टी

कटनी। कल 4 अगस्त बुधवार का दिन उद्योग नगरी कैमोर के लिए हंगामाखेज रहा। एक ओर जहां एसीसी के अमहटा प्रोजेक्ट में स्थानीय श्रमिकों ने एल एंड टी प्रबंधन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए ज़ोरदार प्रदर्शन किया वहीं कॉलोनी के बीच स्थित एसीसी मिडिल स्कूल भवन में बाहरी मजदूरों को ठहराये जाने के विरोध में स्थानीय युवकों ने एसडीएम और एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है स्कूल भवन को जल्द बाहरी श्रमिकों से खाली कराया जाए।

गौरतलब है कि कैमोर के समीप अमहटा में 1800 करोड़ की लागत से बनने वाले 3 मिलियन टन छमता के नए प्लांट का निर्माण कार्य जारी है। नये प्लांट का कॉन्ट्रैक्ट देश एक बड़ी कम्पनी एल एंड टी को मिला है। एल एंड टी कम्पनी द्वारा शुरू में पूरा काम बाहर के ठेकेदारों से कराया जा रहा था जो श्रमिक भी बाहर से लेकर आये थे जबकि नये प्लांट के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति को लेकर आयोजित जन सुनवाई के दौरान एसीसी प्रबंधन ने नए प्रोजेक्ट में 70 फीसदी कार्य स्थानीय मजदूरों से कराये जाने की बात कही थी। नये प्रोजेक्ट में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिए जाने को लेकर छेत्रिय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक भी कई बार एसीसी प्रबंधन को आगाह कर चुके हैं। बढ़ते दबाव के चलते एल एंड टी को स्थानीय ठेकेदारों को भी काम देना पड़ा।स्थानीय ठेकेदारों के पास श्रमिक भी स्थानीय ही है वहीं जनप्रतिनिधियों के बढ़ते दबाव के कारण बाहरी ठेकेदारों को भी स्थानीय श्रमिकों को काम पर रखना पड़ा है। बताया गया कि स्थानीय ठेकेदारों और स्थानीय श्रमिकों को एल एंड टी ने काम तो दे दिया है पर इनके साथ भेदभाव किया जाता है। स्थानीय ठेकेदारों को भुगतान करने में अनावश्यक देर की जाती है। तीन-चार महीने तक पेमेंट रोका जाता है जिससे लोकल ठेकेदार अपनी लेबर को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं कर पाते। एक समान कार्य के लिए बाहरी श्रमिकों और स्थानीय श्रमिकों को अलग अलग दर पर भुगतान किया जाता है। स्थानीय श्रमिकों से 4 घन्टे ओवर टाइम कराया जाता है जिसका नियमानुसार भुगतान नहीं किया जाता। इन्हीं सब बातों से नाराज़ श्रमिकों ने कल काम बंद कर प्रोजेक्ट गेट का घेराव कर दिया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार श्रमिकों की इन समस्याओं से एसीसी प्रबंधन को अवगत कराया जा रहा था तथा प्रोजेक्ट और एल एंड टी के रवैये में सुधार की मांग की जा रही थी पर एसीसी प्रबंधन सब कुछ प्रोजेक्ट हेड और एल एंड टी पर छोड़ कर किनारे हो जाते थे।

कल श्रमिकों के आक्रोश की खबर मिलते ही पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अजय शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवर, पूर्व पार्षद सन्तोष केवट, नीलेश रजक, दीनू ठाकुर, टिंकू बड़गियांए, गुडडू सिंह बघेल, नीरज शर्मा, संतोष चौहान आदि मौके पर पहुंच गए और मजदूरों को शांत कराया। बाद में एसीसी की ओर से एच आर हेड एच पी सिंह, सेक्युरिटी हेड नीरज सिंह और प्रोजेक्ट के एक अधिकारी मजदूरों से चर्चा के लिए पहुंचे। जनप्रतिनिधि चर्चा के लिए प्रोजेक्ट हेड को बुलाने की मांग करते रहे पर बताया गया कि वे उपलब्ध नहीं है। जनप्रतिनिधियों और मजदूरों के साथ एसीसी मैनेजमेंट के बीच हुई चर्चा में मैनेजमेंट की ओर से जल्द ही इस समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाया गया वहीं मजदूरों की ओर से शनिवार तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा गया कि शनिवार तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

स्कूल में बाहरी श्रमिकों को ठहराये जाने का विरोध

कैमोर स्थित एसीसी प्लांट के एक नंबर किलन में इन दिनों शट डॉउन है। किलन बंद कर मेंटिनेंस कार्य कराया जा रहा। यह कार्य भी बाहरी ठेकेदारों से कराया जा रहा। बाहर से आये ठेकेदारों के साथ मजदूर भी आये हैं। ऐसे सैकड़ों मजदूरों को एसीसी मिडिल स्कूल में ठहराया गया है। स्कूल के 50 से भी अधिक कमरों से बच्चों की बेंच और डेस्क निकालकर उन्हें खाली कराया गया। पिछले एक पखवाड़े से भी अधिक समय से यहां बाहरी मजदूरों का डेरा है। स्थानीय युवाओं ने कोरोना के खतरे को देखते हुए इन बाहरी श्रमिकों को कालोनी के बीच से हटाकर कहीं और स्थान दिए जाने की मांग की है। इस सम्बंध में कल अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया है।

स्वच्छता संदेश को गांवों में पहुंचा रहे वालिंटियर्स

नेहरु युवा केन्द्र के कार्यकर्ताओं की पहल

कटनी। देश के वर्तमान प्रधानमंत्री के संदेश क़ो जन जन तक पहुंचाकर लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच पैदा कर उन्हें जगाने औऱ सक्रिय करने की मूलमंशा से इन दिनों नेहरु युवा केन्द्र के युवा सफाई मित्र विद्यालयों में जा कर विद्यालयों की सफाई करते हुए स्वच्छ भारत के मिशन क़ो जन जन तक पहुंचा रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिवस इन सफाई मित्रों द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे विद्यालय पहुंचकर प्रभारी प्रधान अध्यापक अजय मिश्रा और कर्मचारी प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत के साथ मिलकर संपूर्ण शाला परिसर के साफ सफाई में महत्वपूर्ण योगदान दिये। सफाई के महत्व क़ो जन जागरण से जोड़ते हुए नेहरु युवा टीम के सदस्यों ने सफाई से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए एशाला परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर साफ-सफाई की शपथ लिये। शपथ का वाचन मार्तण्ड सिंह राजपूत तथा आभार प्रदर्शन शाला प्रबंध कार्यकारणी के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र रैदास द्वारा किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र दुबे, ज्ञानचंद्र कोष्टी, श्रीमती निधी पटेरिया और प्रेमशंकर भारती की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

जिला अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

कलेक्ट्रेट में बैठक व्यवस्था व टोल टैक्स में छूट की मांग

कटनी। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम एक ज्ञापन सौंपकर कहा है कि अधिवक्ता, जो अपना अमूल्य समय अपने पक्षकार के कार्य करने हेतु प्रदाय करता है तथा अधिवक्ता को सिविल क्रिमिनल प्रकरण को राजस्व अभिलेख जैसे पुराना नक्शा, राजस्व न्यायालय के आदेश व अन्य दस्तावेजो को सिविल प्रकरण में सम्मिलित करने हेतु त्वरित व साधारण आवेदन पत्र के माध्यम से प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करनी होती है। कटनी जिले में लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से उक्त प्रमाणित प्रतिलिपि पक्षकार एवं अधिवक्ता को एक समान व्ययस्थानुसार प्रदान की जाती है तथा लोक सेवा केन्द्र में त्वरित सत्य प्रतिलिपि प्रदाय करने की व्यवस्था नहीं होने से अधिवक्ताओं को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ताओं को लोकसेवा केन्द्र के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस स्थिति में अधिवक्ताओं की सुविधा एवं हित को ध्यान रखते हुए मुख्य सत्य प्रतिलिपिकार कार्यालय कलेक्ट्रेट के समक्ष अधिवक्ताओं के उक्त प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदाय करने की अनुमति प्रदान की जाए। इसी तरह कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओ को बैठने हेतु व्यवस्था किए जाने एवं नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे में टोल टैक्स नहीं लिए जाने की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जिला अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारी एवं जिले के समस्त तहसीलों से आने जाने अधिवक्ताओं के पेशे को देखते हुये कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक व्यवस्था, कैन्टीन एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। कटनी जिले के तहसील क्षेत्र से आने जाने वाले अधिवक्ताओं के वाहनों से टोल टैक्स न लिया जाए। इसके लिए उन्हें परिचय पत्र जारी किया जाए। इस अवसर पर रविन्द्र जायसवाल, जीत जायसवाल, मीत धवल, अनुज तिवारी, मीना सिंह बघेल, दुष्यंत गुप्ता, रघुवीर सिंह राजपूत, अंजुला बजाज, रणजीत चौहान, अजय जिवल सहित अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

यदि आप तक समय पर यशभारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

REQUIREMENT
We require an TALLY /Busy accountant ability to work on Computer & Internet, salary from:- 7500/- To 10000/- Contact no. 8889442227
Mail id- shaktiindustries @ yahoo.co.in

अभिलाष पांडेय ने रेल्वे बोर्ड मेंबर का पदभार ग्रहण किया

कटनी। भारतीय जनता युवामोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अभिलाष पांडेय ने रेल भवन नई दिल्ली पहुंच कर रेलवे बोर्ड के सदस्य का पदभार ग्रहण ग्रहण किया। साथ ही रेल मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे से रेलवे बोर्ड के आगामी कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान अभिलाष पांडेय ने कहा कि में बोर्ड मेंबर होने के नाते देश भर और खासकर मप्र की जनता की रेल्वे से जुड़ी सभी प्रकार की समस्याओं को उचित प्लेटफार्म में उठाऊंगा यदि जनता से जुड़े कोई सुझाव हैं तो उन्हें भी मुझे आप सीधे भेज सकते हैं। इस अवसर में राष्ट्रीय कमेटी में शामिल करने हेतु सभी वरिष्ठजनों का प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इनकी नियुक्ति पर कटनी जिले के समस्त भाजपाजन व युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

जवाहर चौक स्तंभ में टूटे पेवर ब्लॉक

ऐतिहासिक स्मारकों की नगर निगम कर रहा उपेक्षा

कटनी। शहर के मध्य जवाहर चौक स्तंभ के पास चबूतरे में लगे पेवर ब्लाक टूटने के बाद भी नगर निगम प्रशासन द्वारा इसे सुधारने की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर की ऐतिहासिक स्मारकों में से एक जवाहर चौक स्तंभ पिछले काफी समय से दुर्दशा का शिकार है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि झंडा बाजार मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों की वजह से यहां पर लगे पेवर ब्लाक टूट गए हैं, जबकि कुछ दिनों बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस है और जवाहर चौक में आजादी की सालगिरह पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दियाजा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासन प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे का ध्यान इस ओर दिलाते हुए पेवर ब्लाक सुधार की मांग की है।

श्रीमति निरशा बाई पटैल का निधन

कटनी। बहोरीबंद मंडल अध्यक्ष ग्राम सुपेली निवासी इन्द्रकुमार पटैल की मातुश्री श्रीमति निरशा बाई पटैल पति स्व. धरमदास पटैल पूर्व सरपंच पूर्व मंडल अध्यक्ष का 57 वर्ष की आयु में विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। निवास से निकाली गई अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

महेश कंदेले बने गहोई वैश्य महासभा रीठी के अध्यक्ष

रीठी। गत दिवस शिरोमणि परम पूज्यनीय राष्ट्र कवि मैथलीशरण गुप्त की जन्म तिथि के अवसर पर रीठी में गहोई वैश्य महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। नगर के एमपी मेमोरियल स्कूल प्रांगण में आयोजित बैठक में समाज के सभी लोगो द्वारा सर्वप्रथम मैथिलीशरण गुप्त के तिल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तदुपरांत बैठक कर गहोई वैश्य महासभा रीठी की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें सर्व सम्मती से प्रतिष्ठित व्यवसायी महेश कंदेले को गहोई वैश्य महासभा रीठी का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए घनश्याम दास खर्दए दशरथ प्रसाद नीखरए गणेश प्रसाद कंदेलेए शंभूदयाल नौगरियाए प्रकाश चंद्र सेठियाए बद्री प्रसाद सोनी को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया। परशुराम कनकने को कार्यकारी अध्यक्षए प्रदीप कुमार बहरेए रामकुमार नीखरए रामकृपाल करसैयाए महेंद्र सेठिया को उपाध्यक्ष बनाया गया। ब्रजेश गुप्ता को सचिव। रामविशाल सोनी को सहसचिवए कृष्ण कुमार नीखरा को कोषाध्यक्षए मुकेश कंदेलेए रीतेश गुप्ताए सुनील बिलैयाए अतुल गुप्ताए राकेश को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। वहीं कार्यकारिणी में श्यामसुंदर चौदहाए सुरेंद्र कुमारए अनिल बिचपुरियाए राकेश सेठियाए संतोष कुमार सेठियाए राममिलन बिलैया को भी शामिल किया गया।

आवश्यकता है
कम्यूटर आपरेटर लड़का-लड़की शिक्षित एवं डिप्लोमा सहित अनुभवी आपरेटर की आवश्कता है। मिलने का समय सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक।
पता- श्रीराम आभूषण एवं श्रीराम ज्वेलर्स खेड़िया मार्केट सराफा बाजार, कटनी
मो. 9755050056
07622-404021

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

किराये से देना है
गर्ग चौराहा, सेमसंग शो-रूम के बाजू से कटनी में 1000 फुट का सर्वसुविधायुक्त हॉल किराये से देना है। लेट-बॉथ अटैच, पार्किंग की सुविधा उपलब्ध। फर्स्ट फ्लोर, सेकेंड फ्लोर, थर्ड फ्लोर एवं ग्राउंड फ्लोर, चारों हॉल किराये से देने के लिए शासकीय एवं निजी बैंकों, कंपनियों एवं शासकीय संस्थानों को प्राथमिकता।
संपर्क करें : मो. 7697933563, 9425158626
पता : गर्ग चौराहा, सेमसंग शो-रूम के बाजू से, कटनी।

नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कटनी
एनसीईटी नई दिल्ली एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
B.Ed. D.Ed.
संपर्क करें-एन.एच. 7 कलेक्ट्रेट के पास झिंझरी कटनी
मो.9752540630, 9302465246, 7509046981

महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी
मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)
College Code 740(8) F/A200153
B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा)
छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि :शुल्क प्रवेश
संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठ्यक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी	जीएनएम पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (साइकेट्री)	बीएससी नर्सिंग पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठ्यक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

अनन्नास की खेती से जिले के कृषकों को होगी अतिरिक्त आय

कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर का अभिनव प्रयास

जबलपुर, यशभारत। कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर पूर्वी भागों, बिहार, गोवा के बाद अब जबलपुर में भी अनन्नास की खेती बड़ी आसानी से हो सकेगी। इसकी एक तकनीकी जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने खोज निकाली है। संभवत पहली बार ऐसा होगा कि जबलपुर जिले के किसान अनन्नास की खेती करते नजर आएंगे। कृषि विवि ने किसानों की आय दोगुनी के करने के लिए उद्यानिकी मॉडल के अंतर्गत केंद्र में फसल संग्रहालय ने अनन्नास लगाए गए जिनकी तुड़ाई जून माह 2021 में की गई। जिसमें 1 किग्रा से लेकर 1.5 किग्रा फल प्राप्त हुए। इस तकनीक से 18 माह बाद मिलते है फल कृषि विज्ञान केन्द , जबलपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ . रश्मि शुक्ला ने जानकारी देते बताया कि केन्द्र की प्रदर्शन इकाई में अनन्नास के पौधे रेज्ड वेड तकनीकी से रोपित किया गया है। इस विधि से गुणवत्ता से पूर्ण फलों की 18 माह बाद प्राप्ति हुई , इस फलवाली फसल के परीक्षण से जो सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये है इस तकनीक से हमारे अन्नदाता कृषक यदि अनन्नास खेती को अपनाते है तो अतिरिक्त आय का जरिया हो सकती है । इस फल को बाजार में थोक में प्रतिफल अच्छा मूल्य प्राप्त होने से एक लाभकारी उद्यम हो सकता है । अनानास की खेती की अच्छी उपज के लिए रेतीली दोमट भूमि सर्वोत्तम होती है. साथ ही जीवांश युक्त होनी चाहिए।

देश में अनन्नास की कई किस्में

देश में अनन्नास की अनेक किस्म जैसे केव , जाइट केव , क्वीन , मारीशस , जल्धुप , लखात आदि उपलब्ध है लेकिन केव , जाइंट केव व क्लीन किस्म की हमारे भारतवर्ष में बहुतापन में खेती की जाती है । अनन्नास पोषक तत्वों से पूर्ण फल है इसके 100 ग्राम फल में 50 कैलोरी ऊर्जा रहती है तथा यह कोलेस्ट्राल रहित होता है । इसमें वसा 0.1 ग्राम सोडियम 1 ग्राम , पोटेशियम 10.9 मिली ग्राम , कुल काबोहज़ईड्रेट 13 ग्राम , रेटो -1.4 ग्राम शकज़रा 10 ग्राम , प्रोटीन 0.1 ग्राम के साथ कैल्शियम , विटामिन डी , विटामिन बी -6 , मैग्नीशियम कोवालामिन आदि प्रचुर मात्रा में रहता है । कृषि विज्ञान केन्द्र , जबलपुर द्वारा कृषकों हेतु अनन्नास की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है साथ ही प्रगतिशील कृषकों के खेतों पर इसकी खेती के अभिनव प्रयास किये जा रहे है । केन्द्र द्वारा किये गये अभिनव प्रयास को वि.वि. के कुलपति प्रो . प्रदीप कुमार बिसेन एवं निदेशक कृषि प्रोद्यौगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान , जबलपुर के डॉ . एस.आर.के. सिंह द्वारा भूरी - भूरी प्रशंसा की गई एवं इसे जिले के कृषकों हेतु अतिलाभकारी व आय में वृद्धि करने के दृष्टिकोण से उपयोगी बताया एवं संचालक विस्तार सेवाएँ डॉ . दिनकर प्रसाद शर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र , जबलपुर द्वारा किये गये इस अभिनव प्रयोग की प्रशंसा की है साथ जिले के कृषकों हेतु और अधिक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि किसान इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके । केन्द्र की प्रमुख डॉ . शुक्ला ने बतायाकि प्रदर्श न इकाई में लगे हुए इन पौधों को कृषक बंधु के दौरान अवलोकन कर उक्त पद्धति से इनका रोपण कर अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते है इस प्रकार अनन्नास की खेती कृषकों की आय दुगनी करने में मील का पत्थर सावित होगी ।

तम्बाखू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की दी जानकारी

तम्बाखू नियंत्रण को लेकर रीठी में कार्यशाला का आयोजन

रीठी। मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सम्भागीय समन्वयक नेतराज सिंह परिहार द्वारा अधिकारियों को तम्बाखू से होने वाले गंभीर परिणामों की जानकारी दी गई एवं जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालय, सार्वजनिक स्थान को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने का आव्हान किया। वर्कशॉप में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन अभियान परिषद, राजस्व विभाग, नगर पंचायत, खाद्य विभाग, एनआरएलएम विभाग एवं जनपद पंचायत आदि विभाग प्रमुख व अधिकारी एवं कर्मचारियों का तंबाकू नियंत्रण एवं कोटपा कानून प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वर्कशॉप का आयोजन जनपद कार्यालय रीठी में आयोजित किया गया। कार्यशाला में 21 अधिकारियों कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सतीश तिवारी नरे सभी को तम्बाखू नियंत्रण हेतु सतत रूप से कार्य करने एवं सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों पर कोटपा कानून के अंतर्गत कार्यवाही करने की सलाह दी। भारत में तम्बाकू सेवन एवं धूम्रपान के कारण कैंसर से 12 से 13 लाख मौत हो रही है। थाना प्रभारी ने सभी सार्वजनिक स्थानों में जुर्माने की कार्यवाही का आश्वासन दिया। सीईओ प्रदीप सिंह ने ब्लॉक के सभी स्कूलों को तम्बाकू मुक्त बनाने की बात कही। बीएमओ रीठी ववित सिंह ने भी सभी का आभार व्यक्त किया। बीसीएम जागेश्वर राज, बीपीएम शशिकांत साहू, मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के संभागीय समन्वयक नेतराज सिंह परिहार द्वारा अधिकारियों को तम्बाखू से होने वाले गंभीर परिणामों की जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी।

जिले में अब तक 424.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कटनी।

जिले में 1 जून से 4 अगस्त 2021 तक 424.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 354.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 4 अगस्त 2021 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 387.8 मिलीमीटर, रीठी में 379.2 मिमी, बड़वारा में 512.0 मिमी, बरही में 548.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 475.4 मिमी, बहोरीबंद में 364.9 मिमी, स्लीमनाबाद में 275.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 467.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की सभी तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे 0.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई। जिसमें कटनी तहसील अंतर्गत निरंक, रीठी तहसील में 0.5 मिमी, बड़वारा तहसील में निरंक, बरही तहसील में निरंक, विजयराघवगढ़ तहसील में निरंक मिमी, बहोरीबंद तहसील में 4.0 मिमी, स्लीमनाबाद तहसील में 3.0 मिमी और ढीमरखेड़ा तहसील में निरंक वर्षा रिकॉर्ड हुई है।

वैष्णो देवी के साथ आगरा और अमृतसर की सैर करेंगे यात्री

8 अक्टूबर को कटनी होकर गुजरेगी आईआरसीटीसी की भारत दर्शन पर्यटक ट्रेन

कटनी। इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईआरसीटीसी द्वारा भारत दर्शन विशेष पर्यटन ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी द्वारा आगामी 8 अक्टूबर को रीवा से भारत दर्शन विशेष पर्यटन ट्रेन रवाना की जा रही है। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, होशंगाबाद, हबीबगंज, विदिशा, गंजबासोदा, बीना एवं झांसी स्टेशनों से होते हुए गुजरेगी, जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगें। 8 रातें, 9 दिनों की इस यात्रा में आगरा, मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर एवं वैष्णोदवी के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज 8 हजार 505 रूपए प्रति व्यक्ति स्लीपर एवं 10 हजार 395 रूपए प्रति व्यक्ति का वातानुकूलित तृतीय श्रेणी खर्च उठाना होगा। इस ट्रेन में 12 स्लीपर एवं 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी होंगे। टिकट शुल्क में ही यात्रियों के चार लाख रूपये का दुर्घटना इंश्योरेंस भी शामिल रहेगा। इस धार्मिक यात्रा के लिए आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा गैर-वातानुकूलित सड़क परिवहन, दोपहर और रात का शाकाहारी भोजन सहित धर्मशाला, डोरमेट्री हॉल में रात्रि विश्राम, स्नान की सुविधा, पर्यटन स्थलों का भ्रमण, यात्रा अनुरक्षक और निजी सुरक्षा व्यवस्था का पैकज शामिल किया गया है। यात्रियों को अपना निजी इस्तेमाल करने योग्य सामान एवं दवा आदि साथ ले जाना होगा। कोविड-19 को लेकर एहतियात के चलते भारत सरकार द्वारा उल्लेखित सभी सावधानियों का यात्रा के दौरान ध्यान रखा जायेगा। कोच, शौचालय से लेकर यात्रियों के सामनों तक को सैनिटाइज किया जाएगा। सैनिटाइजर, मास्क और फेसशील्ड भी श्रद्धालुओं को मुफ्त दिए जाएंगे। यात्रा के दौरान मास्क एवं आरोग्य सेतु ऐप अनिवार्य होगा।

इस ट्रेन की बुकिंग प्रारम्भ हो चुकी है। इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाईट पर ऑनलाईन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इन्दौर कार्यालय में निम्नलिखित 0755-4285226, 8287931656, 8287931724, 9321901862 0761-4010702, 9321901832, 8287931656, 8287931724, 0731-2522200, 8287931729, 8287931724 8287931656 फोन नम्बरों पर संपर्क कर सकते है।

13 लाख से ज्यादा जमा हुआ टैक्स

सुभाष चौक में शिविर का आयोजन

कटनी। निगम के राजस्व अमले द्वारा जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में अधिक से अधिक नागरिकों को शासन द्वारा नगरीय निकायों के करों में प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्रदाय करनें व वित्तीय वर्ष 2021 - 22 में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के उद्धेश्य से निगम एवं जोन कार्यालय के अलावा रोजाना शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को निगम के बकाया करों की राशि जमा करनें की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक एवं अनिल त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज नगर निगम स्थित कम्प्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयों के अलावा प्रातः 10 बजे से सुभाष चौक में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर स्थल पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा करदाताओं को शासन द्वारा प्रदत्त छूट लाभ प्रदान करते हुए शाम पांच बजे तक बकाया संपत्ति कर के रूप में कुल 12.13 लाख रूपये तथा जलकर के रूप में 1.71 लाख रूपये, कुल 13.84 लाख रूपये निगम कोष में जमा किये गए। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कल 05 अगस्त को वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 के नागरिकों हेतु सत्यनारायण मंदिर के पास शिविर का आयोजन किया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नागरिकों से कल सत्यनारायण मंदिर के सामनें आयोजित होनें वाले शिविर में उपस्थित होकर शासन द्वारा प्रदाय की जानें वाली छूट का लाभ उठानें की अपील की है।

कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने पर दुकानदारों पर गिरी गाज

288 से वसूल की गई 35 हजार 400 की जुर्माना राशि

कटनी। जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन कराने की दृष्टि से राजस्व, पुलिस और निकायों द्वारा सतत् रुप से कार्यवाही संचालित की जा रही है। जिसके तहत कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन नहीं करने पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। वहीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा कोविड-19 के निर्धारित प्रोटोकॉल्स का पालन नहीं करने पर भी संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रशासनिक अमले द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में सप्ताह में विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त कार्यवाही गई है। इस कार्यवाही में कुल 7 दुकानों से 2 हजार रुपये तथा 288 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही करते हुये कुल 35 हजार 400 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। जिसके अनुसार जिले में राजस्व विभाग द्वारा 6 दुकानों तथा नगर निगम द्वारा 1 दुकान प्रतिष्ठान पर चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला गया है। जिसमें संबंधितों प्रतिष्ठानों से 2 हजार रुपये की राशि वसूल की गई है। इसी प्रकार सप्ताह भर में बिना मास्क घूम रहे लोगों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुये राजस्व विभाग द्वारा 95 व्यक्तियों से 9 हजार 500 रुपये तथा नगर निगम द्वारा 193 व्यक्तियों से 19 हजार 300 रुपये की राशि वसूली गई है। वहीं अन्य 66 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही करते हुये 6600 रुपये की चालान राशि संबंधितों से वसूल की गई है।

मास्क का उपयोग न करने पर 17 लोगों पर कार्यवाही

कटनी। कोविड -19 की वर्तमान संक्रमण दर एवं अपेक्षित तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए समुदाय में संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी के पत्र अनुसार जारी दिशा-निर्देश तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में लिये गये निर्णय के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले एवं स्वस्थ्य अमले द्वारा सार्वेजनिक स्थलों पर मास्क का उपयोग न करनें वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन के गठित अमले द्वारा नदीपार बस स्टेण्ड परिसर में अभियान चलाया जाकर सार्वजनिक स्थलों में चेहरे पर मास्क का उपयोग न करते पाये जानें पर 17 लोगों पर 1700/- रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु नगारिकों से घरों से निकलते समय चेहरे पर मास्क एवं सार्वजनिक स्थलों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर संक्रमण को फैलनें से रोकने में प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें की अपील की है।

मास्क नहीं पहनने वाले लोगों पर होगी चालानी कार्यवाही

थाना क्षेत्रवार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

कटनी। कोविड-19 कोरोना संक्रमण के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुये बिना मास्क के लोगों पर चालान की कार्यवाही किये जाने के लिये अनुविभागीय अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी बलबीर रमन ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई है। इस संबंध में जारी आदेश के तहत कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तहसीलदार कटनी नगर संदीप श्रीवास्तव को ड्यूटी पर लगाया गया है। वहीं माधवनगर थाना क्षेत्र में तहसीलदार मुनौव्वर खान, थाना क्षत्र कुठला के लिये नायब तहसीलदार रवीन्द्र पटैल और थाना एनकेजे क्षेत्र के लिये नायब तहसीलदार राजीव मिश्रा की ड्यूटी लगाई गई है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी

क्रमांक 1075/ लेखा/निविदा/ ग्रा.या.से. / 2021
कटनी दिनांक 26/07/2021

संक्षिप्त निविदा आंमत्रण क्रमांक 08/2021

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केद्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संसोधित प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एस0ओ0 आर0 दिनांक 04.01.2019 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संसोधित) आंतरिक वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी फिटिंग सहित ऑन लाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकती है निविदा में संसोधन की स्थिति में बेवसाइट पर ही संसोधन देखा जा सकेगा । विवरण निम्नानुसार है:-

क्रं.	सिस्टम टेण्डर नं0	कार्या का नाम	विकासखंड का नाम	निविदा लागत (पीएसी) (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य(राशि रू0 में)	सामयावधि वर्षा काल सहित	ठेकेदार की श्रेणी (केन्द्रीयकृत पंजीकरण व्यवस्था के	आमंत्रण का क्रम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2020_RES_ 152711	चिकित्सा केन्द्र निर्माण कार्य बहोरीबंद	बहोरीबंद	12.77	25540	2000	180 दिन	केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था	प्रथम
2	2020_RES_ 152712	उपस्वास्थ्य केन्द्र तेवरी में बहोरीबंद	बहोरीबंद	12.88	25760	2000	180 दिन	केन्द्रीय नवीन पंजीकरण	प्रथम

निविदा संबंधी तिथिया (Key Date):-

1. Date of Purchase of Tender - Online	05.08.2021 (11.00AM)
2. Document Download/Sale Start Date	05.08.2021 (11.00AM)
3. Document Download/Sale End Date	11.08.2021 (05.30AM)
4. Bid Submission End Date	11.08.2021 (05.30AM)
5. Tehnical Bid Opening Date	13.08.2021 (11.00AM)
6. Financial Bid open (Envelope-C)	16.08.2020 (11.00AM)

नोट :- Envelope-A
1. केन्द्रीकृत पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत पंजीयन की छायाप्रति 2. जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छायाप्रति 3. पेन कार्ड की छायाप्रति, 4. शपथ पत्र 5. परिशिष्ट H 6. अमानत राशि की जमा रासीद सहित समस्त दस्तावेज स्वःप्रमाणित अपलोड करना होगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवासंभाग
कटनी

जी-15230/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म.प्र.)

पत्र क्रमांक 4295/खनिज/ 2021
कटनी, दिनांक 29/07/2021

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स तेजस्विनी माइनिंग्स निवासी 16, सराफा बाजार जबलपुर (नाम एवं पता) द्वारा नवकरण उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 29.04.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 1794 दिनांक 17.06.2021 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
कटनी	स्लीमनाबाद	छपरा	195	3.910	शासकीय भूमि	मार्बल	
			कुल रकबा	3.910			

1 उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अभिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अभिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
14 जिला कटनी

जी- 15222/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

झलवारा-मझगवां ग्रेट सेपरेटर का निरीक्षण किया जीएम ने

मिशन चौक आरओबी के लिए इसी महीने मिलेगा मेगा ब्लाक

कटनी पहुंचे रेलवे जीएम, जबलपुर-कटनी रेलखंड का विंडों निरीक्षण

कटनी। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ कल 4 अगस्त को जबलपुर-कटनी रेलखण्ड का विंडो निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, रेल पथ, टैंक रिन्युअल का कार्य, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का सघन निरीक्षण किया। विंडो निरीक्षण के शुरुआत में जबलपुर यार्ड के विस्तार के बारे में पुल क्रमांक 1 को चौड़ीकरण करने की विस्तृत चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये, तत्पश्चात मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर, मुख्य विद्युत लोको अभियंता, मुख्य रॉलिंग स्टॉक अभियंता एवं इरकॉन के अधिकारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कटनी मुड़वारा के पास मिशन चौक के आरओबी के कार्य की समीक्षा की तथा उसके निर्माण के संबंध ब्लॉक के कार्य को इसी महीने में जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये।

टिकट चल निरीक्षक रेस्ट हाउस के निर्माण में लाएं तेजी

जीएम ने कटनी मुड़वारा स्टेशन के पास बन रहे न्यू टिकट चल निरीक्षक रेस्ट हाउस के कार्य को भी देखा एवं इसी महीने के अंत तक पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके पश्चात महाप्रबंधक द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर एवं अधिकारियों के साथ आरओएच शेड न्यू कटनी जंक्शन में निरीक्षण के दौरान आरओएच शेड में ईओटी क्रेन का उद्घाटन किया एवं वैगनों के रखरखाव के कार्य को देखा और साथ ही वैगन की सीबीसी कपलिंग के टेस्टिंग फेसिलिटी को भी देखा एवं डिस्ट्रीब्यूटर वॉल्व ब्रेकिंग सिस्टम की टेस्टिंग प्रणाली का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से सम्पूर्ण वैगनों के रखरखाव के कार्य की विस्तृत चर्चा की एवं कार्य की सराहना की गई।

आरओएच शेड को 60 हजार रुपये का समूह पुरस्कार

महाप्रबंधक नरे आरओएच शेड को 60 हजार रुपये का समूह पुरस्कार दिया गया। निरीक्षण के दौरान सेंट्रल व्हील फैसिलिटी सेंटर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जो कि केंद्रीय कारखाना आधुनिकीकरण संगठन के सामंजस्य से बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि पमरे में रेल पहिया रखरखाव का कार्य कोटा मण्डल के वर्कशॉप कोटा में होता है। इस सेंट्रल व्हील फैसिलिटी के बनने से जबलपुर एवं भोपाल के संबंधित व्हील चैंजिंग और अनुरक्षण का कार्य यहां किया जा सकेगा। व्हील रखरखाव के कार्य यहां शुरू हो जाने से समय एवं ट्रांसपोर्ट कीमत में बचत होगी। इस कार्य को जुलाई 2022 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

एनकेजे में इंसिनरेटर और एसएमजीआर टेस्ट बेन्च का उद्घाटन

महाप्रबंधक ने डीजल लोको शेड न्यू कटनी जंक्शन में इंसिनरेटर और एसएमजीआर टेस्ट बेन्च का भी उद्घाटन किया। इंसीनरेटर में शेड का वेस्ट केमिकल के नष्टीकरण के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो कि पर्यावरण अनुकूल के लिए होगा। एसएमजीआर टेस्ट बेन्च में इलेक्ट्रिक लोको के नोचेस की जांच की जाती है। इसके साथ डीजल लोको शेड की कार्य की गुणवत्ता एवं व्यवस्था कार्यप्रणाली के बारे में भी गहन चर्चा की। महाप्रबंधक ने कार्यप्रणाली से संतुष्ट होकर 60 हजार रुपये का समूह पुरस्कार देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक द्वारा डीजल लोको शेड में उत्तम पर्यावरण में सहभागिता निभाते हुए सघन पौधारोपण किया गया।

विद्युत लोको शेड में रिकॉर्डिंग कैमरा प्रणाली का लिया जायजा

विद्युत लोको शेड में इलेक्ट्रिक इंजन में रिकॉर्डिंग कैमरा प्रणाली लगाई गई है, जिसे क्रू की गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली के ऊपर निगरानी तथा प्रशिक्षण देने में सहायक होगी, साथ ही विजिलेंस सेंटल डिवाइस के टेस्ट`स्ट बैंच फेसलिटी का भी निरीक्षण किया। सिस्टम लोको एसेट मैनेजमेंट की अभिनव पहल पमरे में आरंभ कर दी है। इस प्रणाली से लोको का अनुरक्षण एवं निगरानी ऑनलाइन पद्धति से की जाती हैं। विद्युत शेड में कर्मचारियों द्वारा किये गये अच्छे कार्य की सराहना करते हुए 75 हजार रुपए समूह पुरस्कार देकर प्रेरित किया। तत्पश्चात महाप्रबंधक ने इरकॉन द्वारा किये जा रहे ग्रेट सेपरेटर कार्य का भी निरीक्षण किया एवं कटनी क्षेत्र में बन रहे रनिंग रूम निर्माण की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की एवं अगस्त 2021 तक इस कार्य को पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिये। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ मण्डल रेल प्रबंधक, पश्चिम मध्य मुख्यालय के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष अधिकारी एवं इरकॉन के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

खराब सड़क से परेशान लोगों ने मिशन चौक पर लगाया जाम

पुलिस की समझाइश के बाद शांत हुआ लोगों का गुस्सा

कटनी। शहर की खराब सड़क को लेकर लोगों का गुस्सा बुधवार देर शाम फूट पड़ा। मिशन चौक, जगन्नाथ चौंक मार्ग में लोगों ने जाम लगा दिया। एक से डेढ़ घंटे तक मार्ग में आवाजाही बंद रही और लोग परेशान होते रहे। दरअसल वर्तमान समय में बरगंवा से लेकर जगन्नाथ चौक तक रेलवे ओवर ब्रिज का काम चल रहा है। जिससे मिशन चौक से लेकर जगन्नाथ चौक तक की सड़क खस्ताहाल हो गई है। बारिश के चलते 500 मीटर का यह मार्ग कीचड़ से सराबोर है। बुधवार को वाहन चालक और पैदल राहगीर मार्ग में गिरते हुए आवागमन किए। देर शाम एक बाइक चालक इस मार्ग में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद आसपास के दुकानदार और राहगीर सड़क में उतर कर प्रदर्शन करने लगे। जानकारी मिलने पर पुलिस पंहुची। जिसने मौके पर ठेकेदार के कर्मचारियों को बुलाकर गुरुवार से सड़क में काम लगाने की बात कही। जिसके बाद लोग सड़क से हटे और मार्ग में यातायात बहाल हो सका।

निर्माण में लगे वाहन का जुर्माना होने से नाराज हुआ ठेकेदार

एक जानकारी में यह भी बताया जाता है कि ब्रिज का निर्माण करने वाली ठेका कंपनी सड़क का निर्माण कार्य भी युद्धस्तर पर करा रही थी लेकिन बीते दिनों पुलिस ने निर्माण कार्य में लगे एक वाहन को पकड़ कर भारी भरकम जुर्माना कर दिया। जिसके कारण ठेकेदार नाराज हो गया और उसने सड़क का निर्माण कार्य ही बंद कर दिया। ठेकेदार ने पुलिस पर बेवजह परेशान करने का भी आरोप लगाया है।

सिटी मॉल बरही रोड में

इंतजार की घड़ियां समाप्त
अब बड़े पर्दे पर देखिए
हॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म
रोजाना 3 शो ता. 05 से
दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से
आगामी आकर्षण ता. 13 से
THE CONJURING
THE SUICIDE SQUAD
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph: 07622-405074,
Mob. 7771001902
Email : mgmnursingkte@gmail.com
Website: mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक Bsc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में Bsc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वी (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वी
3	पोस्टबेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त- इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है।
SC/ST/OBC
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, जिला-कटनी (म.प्र.)

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
Cine Pride Cinema
Food Junction
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS
GRAVITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

जमीन के सौदे में वृद्ध के साथ 55 लाख की ठगी

आरोपी पति-पत्नी के विरूद्ध मामला दर्ज

कटनी। जमीन की सौदेबाजी में जबलपुर निवासी एक 64 वर्षीय वृद्ध के साथ 55 लाख रूपए की ठगी करने के मामले में कुठला पुलिस ने पति-पत्नी के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि जबलपुर के गोरखपुर थाना अंतर्गत नर्मदा रोड निवासी 64 वर्षीय अंबिका चरण पिता के.एल.दीक्षित से कुठला क्षेत्र निवासी पति-पत्नी क्रमशः नवीन मिश्रा व नम्रता उर्फ ममता मिश्रा ने सूर्या होटल के पास कटनी मैहर मुख्य मार्ग के किनारे स्थित जमीन का सौदा किया था। सौदा पूरा होने के बाद नवीन व नम्रता ने अंबिका चरण दीक्षित से आरटीजीएस व चेक के माध्यम से 55 लाख रूपए ले लिए और फिर किसी दूसरी जगह स्थित अपनी बहन की जमीन की रजिस्ट्री करा दी। अपने साथ हुई ठगी की शिकायत अंबिका चरण दीक्षित के द्वारा पुलिस से की गई। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पति-पत्नी के विरूद्ध धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

SYNA INTERNATIONAL SCHOOL, KATNI (M.P.)
CONGRATULATIONS
100% RESULT
ESTD: 2007
CLASS XII SUBJECT TOPPERS
ENGLISH: SHUBHAM RIJHAWANI (98%)
HINDI: SWEKCHA MISHRA (97%)
Maths: ERYA MODI (86%)
Physics: AASEE MAHESHWARI (92%)
Chemistry: AASEE MAHESHWARI (99%)
Biology: AASEE MAHESHWARI (95%)
Computer: SHUBHAM RIJHAWANI (98%)
Accountancy: ERYA MODI (99%)
Business Studies: ERYA MODI (99%)
Economics: ARYAN NAGARIA (99%)
Entrepreneurship: KASHISH KAPOOR (94%)
History: PRAKRATI MANODHYA (99%)
Political Science: PRAKRATI MANODHYA (99%)
Painting: AADITYA AMBASTHA (99%)
Physical Education: AASEE MAHESHWARI (99%)
Web :- www.synainternational.edu.in Email :- ppl@synainternational.com Contact :-9893619140,9977583555 N.H.-7 Jabalpur Road, Jhinjhari Katni (M.P.)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666
फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)